हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

12 ढांड में दो गलियों को किया उद्घाटन



12 विद्युत निगम कार्यालय ढांड के प्रांगण में गंदे पानी का...



## खबर संक्षेप

### अज्ञात युवकों ने मिस्त्री पर किया हमला, घायल

**जींद।** भिवानी रोड बाईपास पर मिस्त्री पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शर्मा नगर निवासी तरूण ने बताया कि वह भिवानी रोड पर मिस्त्री की दुकान चलाता है। गत दिवस शाम को कुछ युवक दुकान में आए और डंडों तथा बिंडो से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गए।

### पशुबाड़े से दो भैंस और एक कटड़ी चोरी

**जींद।** गांव ढाठरथ में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाठरथ निवासी दयानंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के साथ पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने पशुबाड़े की ताला तोड़ कर दो भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह पशुबाड़े में पहुंचा। पुलिस ने दयानंद की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पांच बिजली ट्रांसफार्मर के उपकरण चोरी

**जींद।** जिले में ट्रांसफार्मर उपकरण चोर गिरोह ने पांच ट्रांसफर्मरों के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने बिजली निगम अधिकारियों की शिकायतों पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया बिजली निगम ने योजना के तहत गांव सिवाहा निवासी रामनिवास के खेत में ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। जिसके कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया गया।

### घर से पर्स चोरी करने पर एक गिरफ्तार

**जींद।** धौला कुआं नरवाना में घर से नगदी तथा अंगूठी वाले पर्स चोरी करने के आरोपित को शहर थाना नरवाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धौला कुआं निवासी सोनल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गत 17 फरवरी को उसका पर्स घर से चोरी हो गया। पर्स में 1200 रुपये की नगदी तथा सोने की अंगूठी थी। जसबीर ने आरोपित लगाया कि जसबीर ने चोरी की वारदात को अजांम दिया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने सोनल की शिकायत पर जसबीर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### झगड़े में तीन घायल तीन लोगों पर केस

**जींद।** गांव थुआ में गली में मिट्टी ठीक करने को लेकर हुए झगड़े में तीन लोग घायल हो गए। अलेवा थालना पुलिस ने शिकायत के आधार तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव थुआ निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान के सामने गली में पड़ी मिट्टी को ठीक कर रहा था। उसी दौरान पड़ोसी राममेहर परिवार ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े की आवाज सुन कर उसकी पत्नी तथा बेटी बीचबचाव करने पहुंच गए।

### खेत से दो बिजली मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव फैरण कलां में बीती रात चोरों ने खेतों से दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव फैरण कलां निवासी रामफल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत में लगी दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह खेत में पहुंचा। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

---

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं आज से, जींद में 88 केंद्र

# कैथल में बनाए गए 74 परीक्षा केंद्र 17 हजार 305 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

- परीक्षा के लिए निर्धारित ड्यूटी का करें पालन : डीसी
- परीक्षाओं के लिए उड़नदस्तों का किया गया गठन

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमेटी चौक में जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए गए है कि वे परीक्षा केंद्रों पर व्यापक पुलिस बल के साथ-साथ विशेषकर महिला पुलिस की तैनाती भी की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि 25 फरवरी से एक अप्रैल तक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित ड्यूटी का पालन करें। परीक्षा नकल रहित, शांतिपूर्ण हो, इसके लिए सभी निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। एसडीएम सहित कई विभागाध्यक्षों की अगुवाई में परीक्षाओं के लिए उड़नदस्तों का गठन भी किया गया है। विद्यार्थी बोर्ड की हिदायत अनुसार शांति पूरक परीक्षा दें। ड्यूटी पर तैनात संबंधित अधिकारी व सुपरवाईजर सभी हिदायतों का विशेष ध्यान रखें। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की शुरू होने वाली परीक्षा के मद्देनजर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। डीसी ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के अंतर्गत 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके तहत कुल 17 हजार 305 विद्यार्थी परीक्षा देंगे, जिसमें दसवीं कक्षा के 9 हजार 624 तथा 12वीं कक्षा के 7 हजार 681 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा नकल रहित करने के लिए बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर तथा खंड शिक्षा अधिकारी स्तर पर फ्लाईंग स्क्वायड का गठन किया गया है, जिसके तहत परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग की जाएगी।



परिक्षाओं को लेकर अफसरों की बैठक लेतीं डीसी अपराजिता।

#### धारा 163 लागू

डीसी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, बिजली, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का परीक्षा से पहले निरीक्षण करें और जहां कोई कमी नजर आ रही है। इस मौके पर एडीसी डॉ. सुशील कुमार, कैथल एसडीएम गुरविंद्र सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। परीक्षाओं को लेकर धारा 163 लागू कर दी गई है। डीसी अपराजिता ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 25 फरवरी से 1 अप्रैल तक 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत पांच या इससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं हो सकेंगे।

### बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जींद में भी प्रशासन हुआ अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा की परीक्षा बुधवार से शुरू होंगी। पहले दिन 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा है। वहीं 26 फरवरी से 10वीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू होंगी। वीरवार को 10वीं कक्षा का गणित विषय की परीक्षा है। परीक्षा दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू होगी जो साढ़े तीन बजे तक चलेगी। बिना वैध प्रवेश पत्र और सत्यापित फोटो के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कैलकुलेटर और मोबाइल फोन पूरी तरह वर्जित हैं। जिलेभर में 88 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें से जींद में 40, नरवाना और सफीदों में 15-15 और उचाना में 18 सेंटर बनाए गए हैं।



पिछली बार की तरह भी इस बार भी जिले के विद्यार्थियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। सत्र 2024-25 में 10वीं कक्षा के परिणाम में जींद प्रदेश में पांचवें स्थान पर आया था। पिछले सत्र में नरवाना के एसडी कन्या महाविद्यालय की सच्चाखेड़ा निवासी निधि ने 495 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया था। 10वीं कक्षा के 15 हजार 812 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

---

# हेड कॉन्स्टेबल ने डीएसपी पर लगाए गंभीर आरोप

- डीएसपी दे रहा है नशा बेचने के केस में फंसाने की धमकी
- हैड कांस्टेबल पर सोशल मीडिया पर की पोस्ट, एसपी ने मामले की जांच डीएसपी को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधु ने उप पुलिस अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए। एंटी नारकोटिक्स सेल में तैनात सुनील संधू ने फेसबुक पर पोस्ट कर कहा कि प्रशासन के कहने पर ही नशे के खिलाफ अभियान चलाया। अब कलायत के उप पुलिस अधीक्षक ललित यादव उसे नशा बेचने के केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसने जिंदगी में कभी रिश्वत तक नहीं ली। उधर, हेड कॉन्स्टेबल की इस पोस्ट के बाद कैथल एसपी उपासना ने मामले की जांच गुहला उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप बेनीवाल को सौंप दी है।

#### प्रशासन के कहने पर अभियान चलाया

हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू ने सोमवार रात 11:13 बजे फेसबुक पर एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा- /"मैंने प्रशासन के कहने पर नशे के खिलाफ अभियान चलाया था। अब मुझे बहुत परेशान किया जा रहा है, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं सच का साथ दूं या झूठ का? मुझे धमकियां मिल रही हैं। मेरा साथ कौन देगा। सुनील संधू ने फेसबुक पर एक और पोस्ट की। जिसमें उन्होंने लिखा, /"उन्होंने कैथल शहर क्षेत्र में कुछ नशेड़ियों को पकड़ा था और उन्हें सिटी थाना में ले गए। वहां पर नशेड़ियों के लाए जाने का कुछ मीडिया वालों को पता लग गया, जबकि सभी नशेड़ियों से जिस समय पूछताछ की जा रही थी, उस समय अंदर कोई नहीं था। वे पहले अधिकारियों के कहने पर ही वीडियो बनाते थे और उनके कहने पर ही उन्होंने वीडियो बनाने बंद कर दी थी। उन्हें जांच में शामिल होने के लिए बुलाया है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उनके साथ न्याय होगा।

#### डीएसपी ललित यादव ने फंसाने की धमकी दी

संधू ने आगे लिखा- मेरा भी परिवार है। मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं और आज तो हद हो गई, कलायत कगे डीएसपी ललित यादव ने मुझे झूठे केस में, स्मैक बेचने के केस में फंसाने की धमकी दी। एक उच्च अधिकारी के सामने, दोस्तों, क्या करूं? क्या न करूं, समझ से परे है। परिवार इजाजत नहीं दे रहा अगर मैं झूठ बोलूं। मैं भगत सिंह का वंशज हूं, मेरा जमीर मर जाएगा। झूठ बोलूं तो मेरा नार्को टेस्ट करवा लो।

#### डीएसपी को जांच सौंपी

मामला उनके संज्ञान में आया है। सुनील ने सोशल मीडिया पोस्ट में कलायत के उप पुलिस अधीक्षक का नाम लिखा हुआ है। गुहला के उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप बेनीवाल को जांच के आदेश दिए हैं।

-एसपी उपासना सिंह

---

## सात माह के नवजात की गला दबाकर की थी हत्या

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा तीन से पांच दिन पुराना था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले के दुब्बल गांव में तालाब से मिले करीब सात माह के भ्रूण मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार नवजात की मौत गला दबाने से हुई थी। चिकित्सकों ने आशंका जताई है कि शव तीन से पांच दिन पुराना था और लंबे समय तक पानी में पड़ा रहने के कारण वह पूरी तरह से गल चुका था। बता दें कि रविवार देर रात को गांव के लोगों ने 10 बजे जब तालाब में नवजात को तैरता देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। तुरंत इसकी सूचना कलायत पुलिस थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भ्रूण को पानी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया।

इसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि भ्रूण पूरी तरह विकसित अवस्था में था। फिलहाल पुलिस गांव और आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में गर्भवती रही महिलाओं की जानकारी जुटा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों से भी संपर्क किया जा रहा है ताकि संदिग्ध मामलों का पता लगाया जा सके।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सोंगल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में चल रहे शिक्षण कार्य को देखा। उन्होंने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफ.एल.एन.) गतिविधियों, शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) किट के उपयोग तथा स्मार्ट डिजिटल बोर्ड के माध्यम से कराए जा रहे अध्यापन का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता और शिक्षकों के प्रयासों की उन्होंने सराहना करते हुए शिक्षण पद्धति को प्रभावी बताया। विद्यालय परिसर में स्थापित जल शोधक (वॉटर प्यूरीफायर) प्रणाली का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वच्छ पेयजल व्यवस्था की प्रशंसा की। साथ ही विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने और अभिभावकों से संवाद बढ़ाने के निर्देश दिए।



मुख्य शिक्षक रामेश्वर दास ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## अवैध शराब के साथ राजस्थान के नशा तस्कर गिरफ्तार

- शराब को अवैध रूप से ले जाया जा रहा था राजस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जींद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एवीटी स्टाफ ने एक गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ जींद के इचांर्ज उपनिरीक्षक यशवीर सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी एक टीम मुख्य सिपाही जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बस अड्डा झमोला पर गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि राजगढ़ की तरफ से एक गाड़ी अवैध शराब भर कर झमोला की तरफ आ रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने झमोला से राजगढ़ मार्ग पर तत्काल नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। तभी पुलिस ने एक गाड़ी को रूकवा कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में शराब मिली। गाड़ी चालक की पहचान आजुदीया कुंज कालोनी धोलपुर (राजस्थान) निवासी हरीप्रकाश के रूप में हुई। गाड़ी की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में शराब की पेटियां देशी शराब20 पेटी, 30 पेटी अन्य शराब तथा अंग्रेजी शराब की 84 बोतलें व बीयर की कुल 144 बोतलें बरामद हुई।

---

## 182 ने भरा पेयजल बिल, 65 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा संयुक्त रूप से जिले के 25 गांव में शुरू किए जल संरक्षण व पेयजल रिकवरी अभियान के तहत 6310 घरों का सर्वे करके 185290 रुपये की पेयजल बिल रिकवरी की। जबकि इस दौरान 65 उपभोकताओं को नोटिस दिए गए हैं और 16 अस्वच्छ कनैक्शन व दर्जनों लीकेज ठीक की गई।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि मंगलवार को गांव शामदो, लिजवाना खुर्द, निडाना, मखंड, सिंगवाल, भिड़ताना, पाजू खूर्द व अलेवा में अभियान चलाया गया। उन्होने बताया की जींद जिले में विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जल संरक्षण के साथ-साथ पेयजल बिल रिकवरी का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अलेवा खंड के खंड समन्वयक ईर्श्वर सिंह के नेतृत्व गांव शामदो व चुहड़पुर, जुलाना खंड समन्वयक सोमलता सैनी के नेतृत्व में लिजवाना खुर्द, खंड समन्वयक दिनेश मलिक के नेतृत्व में निढाणा व झांज कला, खंड समन्वयक कुशल शर्मा के नेतृत्व में मखंड, खंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में सिंगवाल व अंबरसर, खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल के नेतृत्व में बरताना व खंड समन्वयक बलवान के नेतृत्व में पाजू खूर्द में पेयजल रिकवरी अभियान शुरू किया गया है।



अभियान चलाए हुए जनस्वास्थ्यकर्मी।

### विदेश बैठे युवक ने दी धमकी, तीन फंसे

**जींद।** गांव रायचंदवाला में व्यक्ति से गली गलौज करने तथा विदेश मे बैठे युवक द्वारा धमकी दिए जाने पर अलेवा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव रायचंदवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के महाबीर से कहासुनी हो गई। जिस पर महाबीर तथा उसकी पत्नी ने उसके साथ जातिसूचक गालियां और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि महाबीर का बेटा राहुल जर्मनी में रहता है। आरोपित ने उसे फोन पर कॉल कर गालियां और धमकी दी।

## बार एसोसिएशन चुनाव की सरगर्मियां तेज

- बार कौंसिल के रोक भी चुनाव प्रक्रिया लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। बार कौंसिल के रोक भी चुनाव प्रक्रिया लगातार चल रही है। बार कौंसिल के रोक लगाने के बाद भी जिला बार के चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ा है। चुनाव को लेकर रोजाना गतिविधियां लगातार जारी है। मंगलवार को बार में चुनाव को लेकर पूरी गहमागहमी लगी रही। सभी उम्मीदवार अधिवक्ताओं से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आए। कार्यकारी प्रधान विकास लोहान ने इस चुनाव को गैर संवैधानिक बताया था और पूर्ण रूप से बहिष्कार करती है। दिसंबर महीने में जिला बार एसोसिएशन के कुछ सदस्यों के अनुरोध पर आगामी चुनाव करवाने के लिए एक पांच सदस्य कमेटी गठित की थी। यह कमेटी जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा गठित की गई थी। जो कमेटी नियमित रूप से अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए थी। इस समय पूरे पंजाब एवं हरियाणा में पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल के चुनाव की प्रक्रिया जारी है। जोकि यह चुनाव 18 मार्च को संपन्न होने हैं। इसको लेकर पंजाब एंड हरियाणा बार कौंसिल को अपना अनुरोध पत्र भेज दिया था लेकिन पंजाब एंड हरियाणा बार कौंसिल ने चुनाव होने के कारण जिला बार एसोसिएशन जींद के चुनावों को आठ दिसंबर को बार कौंसिल आफ इंडिया ने इस पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी थी।




---

## महिला से दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विधवा महिला का शोषण करने, जबरन संबंध बनाने व बच्चों को जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सीवन एसएचओ एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई सुरेश की टीम द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सीवन क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला की शिकायत अनुसार उनके ही गांव के उपरोक्त आरोपी ने शादी का झांसा देकर करीब एक वर्ष तक उसका शोषण किया तथा घर का सामान बेचकर पैसे भी हड़प लिए। आरोपी उसके पास मौजूद फोटो के आधार पर ब्लैकमेल कर रहा था और संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा था। 14 फरवरी को आरोपी ने घर में घुसकर महिला के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए तथा बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 22 फरवरी को आरोपी पुनः घर पहुंचा, दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, महिला के पुत्र के साथ मारपीट की तथा बेटी के गले पर चाकू रखकर धमकाया।

### पहले दिन जींद व नरवाना से 12 यात्रियों ने किया सफर

# रेलवे ने कुरुक्षेत्र से फुलेरा के लिए चलाई स्पेशल ट्रेन

खाटूश्याम जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कुरुक्षेत्र से फुलेरा के लिए चलाई स्पेशल ट्रेन में पहले दिन जींद व नरवाना से 12 यात्रियों ने रींगस के लिए सफर किया। खाटूश्याम जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया है। इसका लाभ नरवाना व जींद के यात्रियों को भी होगा। ट्रेन नंबर 09711 कुरुक्षेत्र-फुलेरा स्पेशल रेल 23 फरवरी से लेकर 28 फरवरी तक कुरुक्षेत्र से रात साढ़े 11 बजे चलेगी। जो अगले दिन सुबह साढ़े आठ बजे फुलेरा पहुंचेगी। वहीं ट्रेन नंबर 09712 फुलेरा-कुरुक्षेत्र स्पेशल ट्रेन 24 फरवरी से लेकर एक मार्च तक फुलेरा से सुबह साढ़े नौ बजे रवाना होकर रात आठ बजे कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। इस ट्रेन का रास्ता में कैथल, नरवाना, जींद, रोहतक, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी कुंड, अटेली, नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कांवट, श्रीमाधोपुर, रींगस व रेनवाल स्टेशनों पर होगा। ट्रेन नंबर 09711 कुरुक्षेत्र से रात साढ़े 11 बजे चल कर कैथल होते हुए रात 12 बजकर 52 मिनट पर नरवाना पहुंचेगी। यहां दो मिनट ठहराव के बाद ट्रेन एक बजकर 23 मिनट पर जींद जंक्शन पर पहुंचेगी। यहां दो मिनट रुकने के बाद ट्रेन रोहतक के लिए एक बजकर 25 मिनट पर रवाना होगी। रोहतक, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल के रास्ते ट्रेन सुबह छह बजकर 50 मिनट पर रींगस पहुंचेगी। रींगस से खाटूश्याम के लिए बस या जींद में श्रद्धालु धाम पर जाते हैं। रींगस से चल कर ट्रेन रेनवाल के बाद सुबह साढ़े आठ बजे फुलेरा पहुंचेगी।



जींद। रेलवे जंक्शन पर मौजूद यात्री। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### छात्रों को साइबर क्राइम पर जागरूक किया

**जींद।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जेबी इंटरनेशनल स्कूल आफताफगढ़ सफीदों ग्राम पंचायत खेड़ा खेमावती में नशामुक्ति व साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। समाज को नशामुक्त, सुरक्षित एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसपी ने कहा कि नशा समाज और युवा पीढ़ी के लिए खतरा है। नशे के खिलाफ जागरूकता इसे समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### महिला सशक्तिकरण में कारगर हैं योजना

**जींद।** प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है।

### मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए लांच एआई कौशल कार्यक्रम

**जींद।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देश के युवाओं, रचनाकारों और मीडिया पेशेवरों को डिजिटल युग के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल कार्यक्रम की शुरुआत की है। गूगल और यूट्यूब के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर के छात्रों, रचनाकारों, डेवलपर्स और मीडिया पेशेवरों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण तक पहुंच को सुलभ बनाना है। इच्छुक छात्र, संकाय सदस्य, डेवलप्रस और मीडिया पेशेवर पोर्टल एआईस्कील हउस पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### नागरिक अस्पताल में किया हवन

**जींद।** स्वास्थ्य कर्मियों ने स्थानीय नागरिक अस्पताल में हवन का आयोजन करके देश व प्रदेश मे शान्ति व सौहार्द बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने हवन में आहुति डाल कर प्रदेश व जिला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाये प्रदान के लिए अपने कर्तव्य को निष्ठा पूर्ण करने की शपथ ली और जनता के सभी वर्गो से आपसी प्रेम बनाये रखने की प्रार्थना भी की। स्वामी पूर्णनांद महाराज के निर्वाण दिवस पर हवन यक्ष के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा ने पहुंच कर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के इस तरह के सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन तथा मरीजों की सेवा भावना के लिए सराहना की।

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# 400 मीटर दौड़ में रीना दौड़ी सबसे तेज मुस्कान द्वितीय और मोनिका रही तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता को विधिवत प्रारंभ करने से पूर्व महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान डा. अंशुल सिंगला, कॉलेज कार्यकारिणी के सदस्यों एवं प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा मुख्यअतिथि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामपाल सैनी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्यातिथि ने पौधारोपण कर खेल और हरियाली का संदेश दिया। इसके उपरांत माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों को मंगल तिलक तथा बैजेज लगा कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अपना कहा कि एथलीट की दृढ़ता और विजेता की भावना के साथ हम इस आयोजन की शानदार शुरुआत करने जा रहे हैं। तत्पश्चात मुख्य अतिथि वीसी, कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान डा. अंशुल सिंगला व कॉलेज कार्यकारिणी के सदस्यों तथा प्राचार्या द्वारा गुब्बारे उड़ा कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। खेलकूद प्रतियोगिताएं आरंभ करने से पहले महाविद्यालय की एनसीसी एवं स्पोर्ट्स छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित मार्च पास्ट किया गया।



**जींद।** विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इस प्रकार रहा परिणाम

400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रीना, द्वितीय स्थान पर मुस्कान और तृतीय स्थान पर मोनिका रही। मटका दौड़ में प्रथम स्थान पर सरिता, द्वितीय स्थान पर अंजलि और तृतीय स्थान पर रुकसाना रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। इसके उपरांत खेल विभाग की प्रभारी नीलम द्वारा वार्षिक खेल रिपोर्ट पढ़ी गई। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं की पूरे वर्ष की खेल उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। खेल से अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों का विकास होता है। विजेता छात्राओं को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कॉलेज प्रधान डा. अंशुल सिंगला, उपप्रधान बलदेवराज आहूजा, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल व कॉलेज कार्यकारिणी के सदस्यों और कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा मुख्यअतिथि को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान रेस, लेमन रेस, थ्रीलैग रेस प्रमुख रही। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डा. मीना ने खेलकूद प्रतियोगिताओं का संचालन किया।

## खेल छात्रों में आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच का विकास करता हैः सत्यवान मलिक

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 62वें एनुअल एथलेटिक मीट 2026 का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य सत्यवान मलिक उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया तथा खिलाडियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का संदेश दिया। उन्होंने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास भी करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य रणधीर सिंह ने की। आयोजन सचिव डॉ सतीश कुमार ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800, 1500, पांच हजार एवं 10 हजार मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, तिहरी कूद, चक्का फेंक, भाला फेंक तथा गोला फेंक जैसी स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। शिक्षण एवं गैरशिक्षण स्टाफ के लिए 100 मीटर दौड़ तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही।



**जींद।** खेल मुकाबलों में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## विनेश फोगाट ने विस में उठाया रामराये खेल स्टेडियम का मुद्दा

खेल मंत्री से बोलीं, तालाब पार करके दिखाओ



**जुलाना।** विधानसभा में मुद्दे उठाती विनेश फोगाट। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना विधानसभा में जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट की खेल मंत्री गौरव गौतम से गांव रामराय में स्विमिंग पूल को लेकर बहस हुई। विनेश ने पूछा क्या गांव रामराय में स्विमिंग पूल के लिए दो एकड़ भूमि दान दी गई थी। क्या वहां स्विमिंग पूल निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। यदि नहींए तो उसके क्या कारण हैं। इस पर मंत्री गौरव गौतम ने जवाब दिया कि पूल का निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। रामराये गांव से 12 किलोमीटर दूर जींद में एकलव्य स्टेडियम है। यह व्यवहारिक नहीं है। विनेश ने कहा कि आप बताएं व्यवहारिक क्यों नहीं है। यहां रोज 250-300 बच्चे प्रैक्टिस करते हैं। बच्चे तालाब में प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्हें एलर्जी हो रही है। मंत्री जी आप मेरे साथ चलें औ एक बार तैर कर तालाब पार करें। मंत्री को अस्पताल में भर्ती न होना पड़े तो मैं सदन को छोड़ कर चली जाऊंगी।

### रोजाना 250-300 बच्चे करते है अभ्यास

विनेश ने कहा कि आप बताएं व्यवहारिक क्यों नहीं है। यहां रोज 250-300 बच्चे प्रैक्टिस करते हैं। बच्चे तालाब में प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्हें एलर्जी हो रही है। मंत्री जी आप मेरे साथ चलें औ एक बार तैर कर तालाब पार करें। मंत्री को अस्पताल में भर्ती न होना पड़े तो मैं सदन को छोड़ कर चली जाऊंगी। इस पर स्पीकर ने टोकते हुए कहा कि विनेश जी, आप सिलेक्टेड बच्चों का प्रस्ताव लाएं, उन पर विचार करेंगे। विनेश ने कहा कि मंत्री न तो फोन उठाते हैं और न मिलते हैं। मंत्री गौतम ने कहा कि मेरे से तो हजारों लोग आकर मिलते हैं। इस पर विनेश ने कहा कि इन हजारों में मेरा नाम नहीं है।

# पांच विद्यार्थियों का एचपीएससी में चयन

- सीआरएसयू विश्वविद्यालय में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों में सुधीर, मनु, शशि, वीरेन्द्र तथा मनोज शामिल हैं। यह उपलब्धि न केवल इतिहास विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलगुरु ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि निरंतर परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और सकारात्मक सोच से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रहे हैं और समाज को शिक्षित व जागरूक बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।



चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलगुरु प्रो. रणपाल। फोटो : हरिभूमि

### सच्ची निष्ठा से करेंगे कार्य

विद्यार्थियों ने कहा कि विवि में प्राप्त मार्गदर्शन, पुस्तकालय की समृद्ध सुविधाएं, नियमित कक्षाएं तथा शिक्षकों का व्यक्तिगत सहयोग उनकी सफलता में अत्यंत सहायक रहा। वे भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में निष्ठा, समर्पण और गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए विवि का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए जूनियर विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समसामयिक विषयों की तैयारी और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

# किसान व खाप नेता टेकराम कंडेला को राज्यसभा में भेजने की मांग

- सर्वखाप कंडेला फाउंडेशन किसान यूनियन की बैठक में अहम प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय मुख्यालय पर बैठक में कई अहम फैसले लिए। जिसमें एक गांव, एक गौत्र शादी पर रोक लगाई जाए। लिव इन रिलेशनशिप को खत्म किया जाए। सहकारी बैंकों में किसानों को ऋण देने की डेढ़ लाख से बढ़कर पांच लाख की जाए। प्राकृतिक खेती और हर परिवार में कम से कम तीन बच्चे पैदा किया जाएं। पंचायतों को किसान भवन व पंचायत भवन में ठहरने की उचित व्यवस्था की जाए। इन सभी मांगों को लेकर एक प्रदेश सत्र पर पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। जिसकी जिम्मेवारी हरियाणा किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष व फाउंडेशन के अध्यक्ष राममेहर कंडेला को सौंपी गई है। जो सभी 23 जिलों में जाकर बैठक कर के इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।



**जींद।** बैठक करते हुए टेकराम कंडेला। फोटो : हरिभूमि

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में कर्मियों ने किया प्रदर्शन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए बिजली निगम कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

**जींद।** ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी व डीसी रेट के कर्मचारियों को जबरन एचकेआरएन में शामिल करने के विरोध में एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली निगम कर्मियों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनिट प्रधान राजबीर ढिल्लो ने किया तथा संचालन यूनिट सचिव कर्मबीर ने किया। प्रदर्शनकारी बिजली निगम कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा प्रधान राजबीर ढिल्लो ने कहा कि इस जोखिम भरे निगम में कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी किसी भी सूरत में लागू नहीं होनी चाहिए। यह बहुत ही घातक व जानलेवा साबित होगी और डायरेक्ट रोल के कर्मचारी को जबरन एचकेआरएन में शामिल करके हरियाणा सरकार इनको ताउम्र कच्चा रखना चाहती है।

## सांसद ने एचपीएससी भर्ती पर उठाए सवाल

- हरियाणा में एचपीएससी के माध्यम से बाहर के बच्चे नौकरी लग रही : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में एचपीएससी के माध्यम से ग्रुप ए और ग्रुप बी की जो नौकरियां लग रही हैं, उसमें ज्यादातर बाहर के बच्चे लगाए जा रहे हैं। एक के बाद एक लिस्ट आती है और उसमें हरियाणा के बाहर के बच्चे चयनित होते हैं। यहां तक की एचपीएससी के चेयरमैन भी बाहर के लगे हुए हैं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा मंगलवार को रविदास धर्मशाला में हरियाणा कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, सुभाष गांगुली, बलजीत रेढू, जिला अध्यक्ष रिशिपाल हैबतपुर, दीपक पिंडारा, जगबीर ढिगाना, धर्मेंद्र ढुल, बलराम कटवाल, रमेश सैनी, कमल चौहान दिनेश डोहला, राजू लखीना सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद दीपेंद्र हुड्डा सवाल करते हुए कहा कि क्या तीन करोड़ हरियाणावासियों में एक भी कोई ऐसा नागरिक नही है जो एचपीएससी चेयरमैन लग सके। जबकि यूपीएससी के चेयरमैन और यूपीएससी के सदस्य तक हरियाणा के लोग रहे हैं। हरियाणावासियों का हक एक साजिश के तहत मारा जा रहा है।



**जींद।** बैठक को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



**जींद।** जलघर में पीने के पानी की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## बीमारियों से बचाव को लेकर चलाया अभियान

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी से होने वाली बीमारियों व स्वच्छ पेयजल को लेकर मंगलवार को नगूरां व चांदपुर जलघर के अलावा गांव में पीने के पानी में क्लोरीन की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां व चांदपुर गांव के जलघर तथा गांव में पीने के पानी में क्लोरिन की जांच की। जिसमें नगूरां जलघर व गांव की सप्लाई में क्लोरीन की मात्रा उचित मानक के हिसाब से पाई गई, जबकि चांदपुर गांव में पानी की सप्लाई में कोई क्लोरीन की मात्रा नहीं पाई गई। इस दौरान टीम ने स्वच्छ जल, स्वस्थ जीवन, क्लोरीनीकरण है सही चयन नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि गंदे व दूषित पानी से दस्त, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, पेचिश और पोलियो आदि बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। क्लोरीनीकरण करने से पानी से हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस व अन्य सूक्ष्म जीवों को मारकर पीने के पानी का कीटाणु रहित करता है।

## बिना मानसिक दबाव के लक्ष्य एकाग्रता पर ध्यान केंद्रित करें विद्यार्थी : डा. जागलान



**उचाना।** एनएसएस कैंप में पहुंचे डा. नरेश जागलान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में चल रहे एनसएस के शिविर में मंगलवार को प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं सलाहकार डा. नरेश जागलान ने शिरकत की। जागलान ने मनोवैज्ञानिक के द्वारा बिना मानसिक दबाव लिए अपने लक्ष्य पर एकाग्रता से ध्यान केंद्रित रखने के महत्वपूर्ण सूत्र विद्यार्थियों को दिए। जागलान ने बताया कि वर्तमान समय में हर कोई मानसिक दबाव का शिकार हो परंतु हमें स्वस्थ तन के साथ-साथ स्वस्थ मन भी रखना है तथा सही समय पर अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए लक्ष्य तक पहुंचना है। प्राचार्य डा. रणवीर कौशल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ तन-मन के साथ अपने व्यक्तित्व का विकास करने की प्रेरणा दी। सीनियर लेक्चरार डा. राजेश श्योकंद ने जीवन में आगे बढने के लिए शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी बताया।

## ब्रज रसामृत महोत्सव के दूसरे दिन भी भक्ति रस में डूबा रहा सेवा सदन

# धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी जुड़ती है संस्कृति से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला विंग द्वारा गांधी नगर में तीन दिवसीय ब्रज रसामृत एवं भव्य होली महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को इस महोत्सव में अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल व युवा नेता गोविंद गुप्ता ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की।



**जींद।** राजकुमार गोयल व गोविंद गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करते कथा व्याख्याता अक्षित लाडली शरण। फोटो : हरिभूमि

### आपसी भाईचारा होता है मजबूत

इस मौके पर अपने संबोधन में राजकुमार गोयल ने कहा कि अग्रवाल समाज की महिला विंग प्रधान पुष्पा अग्रवाल के नेतृत्व में पिछले लंबे समय से सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में जुटी है और सराहना के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में अग्रवाल समाज की महिला विंग द्वारा जो यह ब्रज रसामृत एवं होली महोत्सव का आयोजन किया गया है, यह भी वास्तव में सराहनीय है। महिलाएं और पुरूष हर रोज इस रसामृत महोत्सव का आनंद उठा रहे हैं। गोयल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुडने का अवसर मिलता है। समाज में एकता, प्रेम और सहयोग की भावना प्रबल होती है। इस अवसर पर गोविंद गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। होली महोत्सव जैसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुडने का अवसर मिलता है।

## पोक्सो एक्ट तथा जेजे एक्ट के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 को

**जींद।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला नें बताया कि पोक्सो एक्ट तथा जेजे एक्ट के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 26 फरवरी को सुबह 10 बजे डीआरडीए हॉल में आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी निजी प्ले स्कूल संचालकों को बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों, उनकी जिम्मेदारियों, रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं तथा बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना है ताकि प्रत्येक बच्चा सुरक्षित वातावरण में रह सके।

## खबर संक्षेप

### जाट कालेज में विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास

**कैथल।** जाट महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत उत्साह और प्रेरणादायक माहौल में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लाभ सिंह द्वारा योग सत्र के साथ की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया और योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के फैलाव और उसकी रोकथाम के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया।

### दुर्गा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**राजौंद।** स्थानीय दुर्गा मंदिर में मंगलवार को महिला संकीर्तन मंडली की ओर से श्रद्धा एवं भक्ति भाव से ओत-प्रोत धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडली की सदस्यों ने माता रानी के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पूरे श्रद्धाभाव से भजन-कीर्तन में सहभागिता की। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

### पंच पद के उप चुनाव का शेड्यूल जारी : अजय हुड्डा

**कलायत।** जिला निर्वाचक अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने के लिए शेड्यूल जारी किया है। आगामी 27 मार्च तक मतदाता सूची तैयार की जाएगी। कलायत की ग्राम पंचायत भालंग के वार्ड नंबर एक व पांच, वजीर नगर वार्ड नंबर एक, बालू बिढ़ान वार्ड नंबर तीन, ढुंढवा वार्ड नंबर पांच, दुमाड़ा वार्ड नंबर सात, मटोर वार्ड नंबर 10, नरवलगढ़ वार्ड नंबर तीन पंचों के रिक्तपदों को भरने हेतू उप चुनाव होंगे।

### भाकियू का प्रदर्शन 27 को, तैयारी तेज

**पाई।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई ने बताया कि किसान 27 फरवरी से 23 मार्च तक सरकार के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 27 फरवरी को हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों में किसान जिला स्तर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला दहन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया की ब्लॉक स्तर पर आगामी 10 मार्च को प्रत्येक ब्लाक में विशाल ट्रैक्टर रैली निकल जाएगी।

### मारपीट कर महिला को किया घायल, शिकायत

**कैथल।** कलायत खंड के गांव सजूमा में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सजूमा की भतेरी देवी ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 फरवरी को जब वह अपने गांव से जा रही थी तो गांव की ही मनीला, सूरज, रमन और कोमल ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट की। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी तथा जाति सूचक शब्द भी कहे।

## अब जर्जर भवनों में नहीं लगाई जाएंगी राजकीय आईटीआई की कक्षाएं

# विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने उठाया बड़ा कदम

निदेशालय ने आदेश जारी कर दर्जनों भवनों में कक्षा न लगाए जाने के जारी किए आदेश

नरेश पंवार ▶▶ कैथल

प्रदेश भर में चलाए जा रहे राजकीय आईटीआई में अब विद्यार्थी जर्जर व खंडहर भवनों में प्रशिक्षण नहीं लेंगे। विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने सख्त कदम उठाया है। निदेशालय द्वारा प्रदेश भर के सभी राजकीय आईटीआई के मुखियाओं को पत्र जारी करते हुए जर्जर व खंडहर भवनों में कक्षाएं न लगाए जाने के आदेश दिए हैं। इन आदेशों ने आईटीआई मुखियाओं की चिंता बढा दी है क्योंकि निदेशालय ने कक्षा न लगाने के आदेश तो जारी कर दिए हैं लेकिन अभी तक इन जर्जर भवनों के स्थान पर नए भवन नहीं बनाए गए हैं। गौरतलब है कि दिसंबर माह में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग और लोक निर्माण विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश के सभी राजकीय आईटीआई के भवनों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कई कमरों की छतों में दरारें, दीवारों में सीलन, प्लास्टर उखड़ना और फर्श की खराब स्थिति सामने आई थी। कुछ स्थानों पर भवन को कंडम की श्रेणी में भी चिन्हित किया गया। संयुक्त टीम ने अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी थी, जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया कि इन भवनों में कक्षाएं संचालित करना विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा के लिए जोखिम भरा है।



**कैथल।** राजकीय आईटीआई कैथल का कंडम किया गया पुराना भवन। फोटो : हरिभूमि

### सुरक्षा को लेकर महती कदम उठाया



निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर महती कदम उठाया गया है। इसके तहत जर्जर व खंडहर भवनों में कक्षाएं न लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत कैथल आईटीआई के पुराने वीइआई भवन से कक्षा स्थानांतरित कर दी गई हैं तथा राजकीय आईटीआई गुहना के लिए भी व्यवस्था की जा रही है।

\- सतीश मच्छाल, आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी

### 50 साल से भी अधिक पुराने थे भवन

बता दें कि प्रदेश के कई जिलों में आईटीआई के भवन करीब 50 साल से भी अधिक पुराने हो गए थे लेकिन भवन की कमी होने के कारण अभी तक इन भवनों में कक्षाएं लगाई जा रही थी। ऐसे में जर्जर व खंडहर हो चुके इन भवनों से किसी भी समय कोई हादसा होने का अंदेशा बना हुआ था। इन आदेशों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल के पुराने वीइआई भवन तथा राजकीय आईटीआई गुहना के भवन को कंडम करार दिया है। निदेशालय ने राजकीय आईटीआई गुहना के के लिए नए भवन के निर्माण की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। विभाग ने संबंधित एजेंसियों को प्रस्ताव और बजट प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। वहीं राजकीय आईटीआई कैथल के वीईआई भवन में चलाई जा रही कक्षाओं को दूसरे भवन में स्थानांतरित कर दिया है।

## डीसी रेट कर्मचारियों के समर्थन में प्रदर्शन



**राजौंद।** मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

एचएसईबी वर्कर यूनियन की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर मंगलवार को डीसी रेट कर्मचारियों की टेम्परेरी आईडी के विरोध में यूनिट स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप बनवाला ने की, जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव राममेहर जे.ई. द्वारा किया गया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता दिखाई। वक्ताओं ने हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए कौशल रोजगार निगम एचकेआरएन पोर्टल के खिलाफ कड़ा विरोध है। यूनिट सैक्ट्री राममेहर जे ई ने कहा कि यह व्यवस्था कर्मचारियों के हितों के विपरीत है और इससे लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की नौकरी पर संकट आ सकता है।

### लगाया आरोप


यूनिट सचिव राममेहर जे.ई. ने कहा कि यूनियन किसी भी सूरत में डीसी रेट कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल के अधीन नहीं आने देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार और विभाग ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और निगम प्रबंधन की होगी। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने एक स्वर में अपनी मांगों को दोहराते हुए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान यूनिट प्रधान प्रवीण कुमार, रणधीर प्रधान,अंकुर प्रधान, कोषाध्यक्ष राजिन्द्र शर्मा, सचिव यशपाल, सुशील कुमार,नरेश सैनी जे.ई., दीपक जे.ई., सुरेश जे.ई.,राकेश जे.ई. आदि रहे।

## विधायक ने विधानसभा में उठाई समस्याएं

- विधायक सतपाल जांबा ने विधानसभा में पूंडरी क्षेत्र के विकास कार्य के लिए रखी महत्वपूर्ण मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र पूंडरी में हुए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य चल रहे हैं। करीब 45 सड़कों का वर्क प्लान बनाया गया है। जिनमें से 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में 115 स्कूलों में से 60 जर्जर स्कूलों की मरम्मत, नए कमरे और शौचालय निर्माण का काम पूरा किया जा रहा है। वहीं 14 खेल स्टेडियमों में से 10 स्टेडियमों के नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है।



**कैथल।** विधायक सतपाल जांबा विधानसभा में अपनी मांग रखते हुए।

### प्रमुख मांगें एवं सुझाव

विधायक सतपाल जांबा ने सदन के माध्यम से सरकार के सामने कुछ महत्वपूर्ण मांगें रखीं। पाई कबड्डी एकेडमी के अधूरे कार्य को जल्द पूरा किया जाए, पूंडरी को सब-डिवीजन बनाने की मांग और एक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जाए, ढांड से राजौंद वाया पाई और कैथल से कुरुक्षेत्र वाया पबनावा सड़कों को फोर-लेन किया जाए, पूंडरी में बाईपास की सुविधा और कैथल से करनाल तक नई रेलवे लाइन बिछाने की मांग की। विधानसभा क्षेत्र में एक सरकारी कॉलेज की स्थापना की जाए, बीपीएल कॉलोनियों में नालियों और गलियों के सुधार के लिए विशेष फंड आबंटित किया जाए, पूर्वजों द्वारा सड़कों के लिए दान की गई भूमि पर अब उनके उत्तराधिकारी दावा कर रहे हैं, जिससे विकास कार्य रुक रहे हैं। विधायक ने इसके लिए एक स्पष्ट नीति बनाने का सुझाव दिया। साथ ही गांवों की फिरनी (बाहरी रास्तों) पर गोबर के ढेर से होने वाली गंदगी होती है। इसके सही प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत की 1-2 किला जमीन को गोबर एकत्रीकरण और जैविक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आरक्षित करने का सुझाव दिया।

## मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी

- छोटू राम किसान महाविद्यालय में मैंटल हैल्थ वैलनेस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** छात्रों को संबोधित करते हुए रीना। फोटो : हरिभूमि

छोटू राम किसान महाविद्यालय में मैंटल हैल्थ वैलनेस क्लब की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता नागरिक अस्पताल से मैंटल हैल्थ डिपार्टमेंट की काउंसलर रीना देवी रही। कॉलेज के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए। जिस प्रकार श्शरीर के लिए भोजन चाहिए, उसी प्रकार मन के लिए शकुन चाहिए। रीना देवी ने कहा कि तनाव से पैदा होने अनेक बीमारियों के ऊपर विस्तार से चर्चा की तथा उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी हर प्रकार की समस्याओं का सामना करने के लिए अपने आपको मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उन विद्यार्थियों की पहचान करनी है, जो किसी न किसी दबाव में है ताकि उन की समस्या को जाना जा सके ओर उसका समाधान किया जा सके। कॉलेज की नेशनल टास्क फोर्स के नोडल ऑफिसर व समाजशास्त्र के प्राध्यापक डा. संजय खर्ब ने छात्रों को कहा कि हमें यदि किसी भी मानसिक समस्या का सामना करना पड़े तो उसे मन में नहीं रखना है उसको तुरंत कॉलेज में नियुक्त नोडल अधिकारी के सामने रखना है ताकि उस समस्या के समाधान पर कार्य किया जा सके। मंच का संचालन डा. संदीप बूरा ने किया। इस अवसर डा. राजीव सिंधु, डा. सतिंदर कुंडू, प्रो. विनोद, डा. सतकुमार, डा. अंजू, डा. मीनाक्षी व महाविद्यालय के अन्य समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### खुले दरबार में दो शिकायतों का किया निपटारा

**कैथल।** पिहोवा चौक स्थित राजीव गांधी विद्युत सदन में मंगलवार को बिजली निगम का खुला दरबार लगा। इस खुले दरबार में कुल 3 शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से दो का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जबकि एक शिकायत को जांच के लिए लंबित रखा गया। यह शिकायतें उपभोक्ता फोरम के सदस्यों की बजाय निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने सुनीं। इसमें सबसे मुख्य शिकायत 2 कमरों के मकान में रहने वाले गांव फतेहपुर के एक उपभोक्ता का रहा। जिसे निगम ने 1.15 लाख रुपए का बिजली बिल थमाया था। अपनी शिकायत लेकर पहुंची उपभोक्ता मीनू रानी ने बताया कि उसका घरेलू कनेक्शन है और बिजली खपत भी सामान्य रहती है, फिर भी उसके कनेक्शन का अधिक बिल भेज दिया गया। उसने बिल को गलत बताते हुए उसमें सुधार की मांग की। कहा कि उसका बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है। इस पर निगम के एसई सोमबीर भलोठिया ने संबंधित एसडीओ को मौके पर ही फटकार लगाई और बिल की विस्तृत जांच के आदेश दिए।

## जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल प्रबंधन विषय पर करवाई चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल शहर एवं पुंडरी शहर के चयनित विद्यालयों में स्कूल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पुंडरी में यह कार्यक्रम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुंडरी में विंकल अध्यापिका की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि कैथल शहर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कमेटी चौक, कैथल में मुख्याध्यापक अजय आहूजा की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सलाहकार दीपक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-1, कैथल, अभिषेक शेर के दिशा-निर्देशन में किया गया। पुंडरी में 50 विद्यार्थियों ने और कैथल में 54 विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल प्रबंधन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



**कैथल।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार।

### राजौंद के वार्डो में बिगड़ी सफाई व्यवस्था

**राजौंद।** शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था सुचारु न होने से लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कई गलियां उखाड़ कर बीच में ही छोड़ दी गई, जो हर वार्ड की समस्या है। इसके अलावा नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में लोग सवाल उठा रहे हैं कि समस्या संसाधनों की कमी के कारण है या फिर निगरानी तंत्र में ढिलाई के चलते है।नगर पालिका क्षेत्र में शामिल गांव खुरडा की स्थिति भी बेहतर नहीं बताई जा रही। ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों में गंदगी जमा रहने से नालियों में जलभराव और बदबू की समस्या बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं होती।



**राजौंद।** उखाड़ी गई गलियां से रास्ता हुआ उबड़-खाबड़।

## महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में योग विभाग द्वारा आयोजित हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

# आत्मबोध और आत्मसंयम की दिशा में अग्रसर करता योग : अनायत

*कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में योग की प्रासंगिकता रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के टीक परिसर में आज प्रातः 11:00 बजे योग विभाग द्वारा 'वैश्विक परिदृश्य में योग की प्रासंगिकता' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में योग की प्रासंगिकता, उसकी वैज्ञानिकता, दार्शनिक आधार एवं व्यावहारिक उपयोगिता पर व्यापक विमर्श करना था। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलगुरु डॉ. श्रेयांश द्विवेदी उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान, होशियारपुर के पूर्व निदेशक प्रो. जगदीश प्रसाद सेमवाल ने अपने विद्वत्तापूर्ण विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन योग विभाग के प्रभारी डॉ. रामानन्द मिश्र द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कुलसचिव प्रो. संजय गोयल द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत एवं परिचय कराया गया। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो आज सम्पूर्ण विश्व में स्वास्थ्य, शांति और संतुलन का संदेश दे रहा है। इस अवसर पर साहित्य संस्कृति संकाय के अधिष्ठाता प्रो. जगत नारायण कौशिक सहित डॉ. सुरेन्द्र पाल वत्स, डॉ. नरेश शर्मा, डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डे, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. गोविन्द वल्लभ, रोहित कुमार, अमन वर्मा, माधवी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**कैथल।** प्रो . जगदीश प्रसाद सेमवाल को सम्मानित करते अधिकारी।

### भागदौड़ भरी जिंदगी में योग जरूरी

अनायत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य अंग बनाएं। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक वैश्विक वातावरण में योग मानसिक संतुलन, आत्मानुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है। योग व्यक्ति को आत्मबोध और आत्मसंयम की दिशा में अग्रसर करता है। मुख्य वक्ता प्रो. जगदीश प्रसाद सेमवाल ने अपने व्याख्यान में कहा कि योग दर्शन और शास्त्र दोनों है। उन्होंने पतंजलि योगसूत्रों के संदर्भ में योग की व्याख्या करते हुए बताया कि योग का उद्देश्य चित्तवृत्तियों का निरोध कर आत्मसाक्षात्कार की ओर बढ़ना है।

## पंचायतों को अनुदान पर मिलेंगी सोलर स्ट्रीट लाइट : डॉ. सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सोलर स्ट्रीट लाइटस की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत विभाग द्वारा महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान विभाग के माध्यम से सोलर स्ट्रीट लाइटस का रेट कांट्रैक्ट किया गया है, जोकि 28 जनवरी 2027 तक वैध है। योजना के दिशा-निर्देशानुसार इस सोलर स्ट्रीट लाईट की कुल लागत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों व पंचायतों को अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 वॉट एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाईट प्रणाली, 75 वॉट सोलर पैनल व 12.8 वोल्ट 30 एएच बैटरी सहित (रिमोट मोनिट्रिंग सिस्टम के साथ) की कुल लागत 17 हजार रुपये अनुदान चार हजार रुपये तथा लाभार्थी हिस्सा 13 हजार रुपये होगा।

### सूचना

मैं, सरवन जैन पुत्र जगदीश निवासी शर्मा कालोनी, भिवानी रोड, जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्री कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### होली मिलन समारोह में गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में पूरी रात श्रद्धालु माता के गीतों पर झूमे। रंग व गुलाल उड़ा कर होली मिलन समारोह को मनाया गया। पुजारी रामनिवास कौशिक ने विधिवत रूप से पूजा करवा करके जागरण का शुभारंभ किया। मुख्य कलाकर पं. रमेश कौशिक, सोनू कौशिक के गीतों पर श्रद्धालु खूब झूमे।



### नाले बंद होने से सर्विस रोड पर भरा पानी

**उचाना।** हाइवे के साथ लगते पानी निकासी को लेकर बनाए गए नाले वाहन चालकों, राहगीरों, दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन रहे है। सर्विस रोड पर नाले से भरा गंदा पानी भर जाने से परेशानी बढ़ रही है। इसको लेकर बार-बार मांग भी कर चुके है। स्थाई समाधान यहां नहीं हो रहा है। अमन, सुखबीर, राजू, अजय ने कहा कि नालों में मिट्टी होने से उसकी निकासी नहीं होने से वो सर्विस रोड पर भर जाता है।



### 101 बेसहारा गोवंश पकड़कर गोशाला में छोड़े

**पूंडरी।** पूंडरी नगर पालिका द्वारा शहर में बेसहारा गोवंश को पकड़ने का अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में एक विशेष अभियान के तहत कुल 101 बेसहारा गोवंश को पकड़कर पूंडरी स्थित श्री जयराम आदर्श गोशाला में छोड़ा गया। सचिव मोहनलाल ने बताया कि शहर से बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए नैन फाउंडेशन लिमिटेड को टेंडर दिया गया है, जो नियमित रूप से इस कार्य को कर रही है।



### साइबर सुरक्षा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**कैथल।** हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला द्वारा तैयार साइबर सुरक्षा जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कैथल उपासना ने अपने कार्यालय में पोस्टर पर हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप से किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक हो गई है।

# होलाष्टक शुरू, होलिका दहन तक शुभ कार्यों पर रहेगी रोक: भारतेंदु

होलाष्ठक में शादी, विवाह मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश करना वर्जित है।


## होलाष्टक की आठ रात्रियों में की गई साधनाएं जल्द होती हैं सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

मंगलवार से होलाष्टक प्रारंभ चुके है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से होलाष्टक प्रारंभ हो जाते हैं। जो फाल्गुन माह की पूर्णिमा यानि होलिका दहन तक चलते है। जो दो मार्च को होलिका दहन के बाद होलाष्टक समाप्त हो जाएंगे। शहर के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर पुजारी पं. भारतेंदु शांडिल्य ने बतया कि होलाष्टक के दौरान शादी, विवाह मूंडन, नामकरण, गृह प्रवेश आदि के शुभ कार्य करना वर्जित है। होलाष्टक में सभी ग्रह उग्र अवस्था में आ जाते हैं। इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है। इस कारण शुभ कार्य वर्जित बताए गए हैं। होलाष्टक की आठ रात्रियों का काफी अधिक महत्व है। इन आठ रात्रियों में की गई साधनाएं जल्दी सफल होती हैं।

### ग्रहों की उग्र स्थिति के कारण नहीं होते मांगलिक कार्य

इन रातों में तंत्र व मंत्र से जुड़े लोग विशेष साधनाएं करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिष की मान्यता है कि होलाष्टक के आठ दिनों की अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं। अष्टमी को चंद्र, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल, पूर्णिमा को राहु उग्र स्थिति में रहता है। नौ ग्रहों की उग्र स्थिति की वजह से इन दिनों में मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक का संबंध भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा से जोड़ा जाता है। हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति करने से रोकने के लिए फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर होली तक आठ दिन अत्यधिक यातनाएं दी।



भारतेंदु शास्त्री।

# मासिक दुर्गा अष्टमी आत्मबल और आत्मचिंतन का पर्व: रामदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

- व्यक्ति को संयम, धैर्य व सकारात्मक सोच की ओर करता है अग्रसर

मासिक दुर्गा अष्टमी के अवसर पर आध्यात्मिक वक्ता संत छवि रामदास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन आत्मबल और आत्मचिंतन का पर्व है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भीतर की शक्ति को जागृत करने का माध्यम है। संत छवि रामदास ने बताया कि शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि शक्ति उपासना के लिए विशेष मानी जाती है। इस दिन रखा गया व्रत व्यक्ति को संयम, धैर्य और सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि आज कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां दुर्गा का स्मरण किया और परिवार व समाज की सुख-शांति की कामना की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि धार्मिक पर्व तभी सार्थक होते हैं जब उनके संदेश को व्यवहार में उतारा जाए। मां दुर्गा का स्वरूप अन्याय के विरुद्ध साहस और धर्म के पक्ष में दृढ़ता का प्रतीक है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में सदाचार, सेवा और संवेदनशीलता को स्थान दे, तो यही सच्ची उपासना है। रामदास ने कहा कि दुर्गा अष्टमी हमें अपने आचरण की समीक्षा करने और सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प लेने का अवसर देती है। समाज में सौहार्द की स्थापना ही शक्ति साधना का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर नरेंद्र सैनी, पूर्ण सैनी, प्रशांत आनंद सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।



संत छवि रामदास

## कर्मचारियों ने संबंधित विभाग व सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# विद्युत निगम कार्यालय ढांड के प्रांगण में गंदे पानी का भराव

*पिछले दो वर्षों से कार्यालय में बनी हुई है गंदे पानी की समस्या, बीमारियों का बढ़ रहा खतरा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

**गंदे पानी के भराव से कार्यालय में अस्वच्छ व दुर्गंधयुक्त माहौल, कार्य प्रभावित**

ढांड बिजली सब यूनिट प्रधान एवं बिजली कर्मचारियों कार्यालय परिसर में गंदे पानी के भराव की समस्या को लेकर नारेबाजी कर अपना रोष प्रदर्शन किया। सब यूनिट ढांड के प्रधान अंकुर मैहला व सतबीर सिंह ने कहा कि ढांड बिजली बोर्ड कार्यालय के प्रांगण में गंदा पानी भरा रहता है। उन्होंने बताया कि यह समस्या पिछले 2 वर्षों से बनी हुई है। गंदे पानी भराव के कारण कार्यालय परिसर में अत्यधिक गंदगी बनी रहती है तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। मच्छरों की समस्या बढ़ गई है, जिससे कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, पानी भराव के कारण कार्यालय में आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है तथा कार्य करने में भी बाधा उत्पन्न होती है। वातावरण अत्यंत अस्वच्छ और दुर्गंधयुक्त हो गया है, जिससे कार्य का माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की कृपा करें, ताकि कार्यालय का वातावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ बन सके और कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। कर्मचारियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को भी कई बार लिखित में दे चुके हैं । पिछले वर्ष एसडीओ प्रिंस भूरा को इस समस्या को लेकर लिखित में शिकायत दे चुके थे लेकिन उसके बावजूद भी यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है और उसके बाद जो मजूदा एसडीओ को भी इस समस्या को लेकर अवगत कराया गया है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने संबंधित विभाग व जिला प्रशासन से मांग की है कि उनको इस समस्या से निजात दिलाई जाए। इस अवसर पर दिनेश कुमार, सतबीर सिंह,राहुल , अनील कुमार,सतीश कुमार, रमेश फौजी, अंकुश, दिलबाग सिंह,अरुण, मक्खन सिंह, राकेश कुमार, रणबीर सिंह, प्रवीन कुमार, बाली राम, अशोक कुमार, गांधी लेगा, सत्यवान, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।



**ढांड।** बिजली कर्मचारी निगम कार्यालय प्रांगण में जमा गंदा पानी दिखाते हुए।

### बीडीपीओं विभाग में भेजी लिखित शिकायत

इस समस्या को लेकर निगम के एसडीओ कुलदीप कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पानी भराव की समस्या को लेकर मैंने बीडीपीओ ढांड को लिखित में अवगत करवा दिया गया है क्योंकि यह पानी नाले से बिजली बोर्ड के प्रांगण में आता है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। ताकि यहां पर कर्मचारियों व उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या न हो।




**कैथल।** सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्रा। *फोटो: हरिभूमि*

# छात्रों को करियर के प्रति सचेत रहना आवश्यक : डा. संगीता

- नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा रही प्रथम, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रीतू देवी ने बताया कि हर वर्ष महाविद्यालय में फाल्गुनोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम मानव संसाधन मंत्रालय के सौजन्य से आयोजित किया जाता है जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथि चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड डडवाना की प्राचार्या डॉ. संगीता शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि डॉ संगीता शर्मा ने सरस्वती जी के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व प्रतियोगिताओं के प्रति छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया। सभी छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा वर्मा ने,द्वितीय स्थान प्रीति एम कॉम प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान सोनिया ने प्राप्त किया । गायन में प्रथम स्थान ज्योति ने ,द्वितीय स्थान गुंजन ने और तीसरा स्थान जयकौर ने हासिल किया।

### सुनहरा अवसर

मुख्य अतिथि संगीता शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ साथ सभी प्रतियोगीताओं में भी हिस्सा लेना चाहिए और अपने करियर के प्रति भी सचेत रहना चाहिए।इस अवसर पर प्राचार्य श्री सुनील गर्ग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास व उनके अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर निकलने में सहायक सिद्ध होते हैं। छात्राओं के लिए यह अवसर बहुत ही सुनहरा होता है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुनीता गुप्ता चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड डडवाना व डॉ मधुबाला ने अदा की। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी रीतू देवी ने सभी का धन्यवाद किया।

# खरकां आंगनबाड़ी में हुई बैठक

- बच्चों को पोषक आहार खिलाकर मनाया अन्न प्राशन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

गांव खरका स्थित ज्ञानो देवी की आंगनबाड़ी केंद्र में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समग्र विकास पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान 6 माह से अधिक आयु के बच्चों को पोषाहार के रूप में दलिया एवं खिचड़ी खिलाई गई तथा "अन्न प्राशन दिवस" उत्साह पूर्वक मनाया गया। आंगनवाड़ी वर्कर ज्ञानो देवी ने कहा कि बच्चों के जीवन के प्रारंभिक वर्ष उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।




**सीवन।** गांव खरका में बैठक में बच्चों को खिचड़ी खिलाती आंगनबाड़ी वर्कर।

### दलिया व खिचड़ी बच्चों के लिए पोष्टिक आहार

*उन्होंने बताया कि दलिया और खिचड़ी जैसे पारंपरिक आहार बच्चों के लिए सुपाच्य और पौष्टिक होते हैं। बैठक में जीती रानी, बंशो देवी, रीना देवी तथा हेल्पर प्रेम कौर ने भी माताओं को साफ-सफाई, टीकाकरण, समय पर वजन जांच और आयरन युक्त आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। भजन कौर, अनीता एवं जगीरो देवी सहित अन्य महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस प्रकार की बैठकों से अभिभावकों में जागरूकता तथा बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने में सहायता मिल रही है।*

# बुजुर्गों के लिए लाभकारी होंगे उपकरण: डीसी

- डीसी ने 236 वरिष्ठ नागरिकों को बांटे 22 लाख रुपये के सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली द्वारा विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया है, जोकि काफी सराहनीय है। एल्मिको द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध करवाया गया उपकरण काफी गुणवत्तापरक है और अच्छे समय तक चलता है। सभी इन उपकरणों को अच्छे से उपयोग में लाएं। सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन, रेडक्रॉस तथा एल्मिको द्वारा संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ कार्य किया गया है। डीसी मंगलवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला ईकाई कार्यालय परिसर में आयोजित वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित कर रही थी। डीसी ने कहा कि जिला में गत तीन नवंबर से सात नवंबर तक शिविरों का आयोजन किया गया था, जिसमें 236 लाभार्थियों को चयनित किया गया था। इन लाभार्थियों को 1363 सहायक यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनकी राशि लगभग 22 लाख तीन हजार 393 रुपये है। इन उपकरणों में 29 व्हील चेयर, 420 कोहनी कोहनी वैसाखी, 72 चलने की छड़े, 33 कुर्सी के साथ चलने की छड़ी, 15 फोल्डिंग वाकर, 112 एलएस बैल्ट, 66 स्पाइनल सपोर्ट, 274 श्रवण यंत्र एवं अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए गए।



**कैथल।** डीसी अपराजिता बुजुर्गों को उपकरण वितरित करते हुए।

### अच्छे से करें उपयोग

डीसी अपराजिता ने कहा कि एल्मिको द्वारा उपलब्ध करवाए गए उपकरण उच्च गुणवता वाले हैं, जोकि वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया है। यही सामान बाहर मार्केट में बहुत महंगा मिलता है और क्वालिटी भी अच्छी नहीं होती। एल्मिको द्वारा जरूरतमंद बुजुर्गों को पूरा सैट निशुल्क दिया गया है। इसमें अच्छी बात यह भी है कि इसमें 2 साल के लिए बैटरी सैल भी उपलब्ध करवा रही है। बुजुर्ग इन उपकरणों का अच्छी तरह से उपयोग करें।

# ढांड में दो गलियों का किया उद्घाटन

- हरियाणा की नायब सरकार चहुंमुखी विकास के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध : अशोक गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

ढांड क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने कस्बा ढांड में लगभग 27 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो नई गलियों बालाजी हनुमान मंदिर के पास एवं पीर बाबा मंदिर के समीप का विधिवत उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों से स लोगों में खुशी की लहर है और ग्रामीणों ने सरकार के प्रयासों की सराहना की। इन गलियों के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।



**ढांड।** हरियाणा भाजपा नेता अशोक गुर्जर विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए साथ में सरपंच जसबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### हर गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश का विकास कार्यालय खजाना धन से लबालब भरा हुआ है और जनहित के कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नायब सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना और शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विकास की खाई को समाप्त करना है। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी ढांड और आसपास के क्षेत्रों में सडकों, नालियों, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे।

## -पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाएं : एडीसी

# जींद में 10 लाख में से 8 लाख लाभार्थियों के बने आयुष्मान कार्ड

परिवार पहचान पत्र में 1 लाख 80 हजार तक की वार्षिक आय वाले ले सकते है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश की एक ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजना है। जिसके तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। एडीसी मंगलवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में शेष बचे सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाएं। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायतों, सरपंचों, ग्राम सचिवों तथा शहरी निकायों के पार्षदों के माध्यम से वार्डवार मुनादी कर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए। जिले में लगभग 10 लाख लाभार्थी चिन्हित हैं। जिनमें से 8 लाख के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।शेष लाभार्थियों को भी शीघ्र योजना से जोडऩे के निर्देश दिए गए हैं। परिवार पहचान पत्र में जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है वे योजना के पात्र हैं। एक लाख 80 हजार से तीन लाख रुपये आय वर्ग वाले परिवार 1500 रुपये वार्षिक शुल्क जमा कर योजना का लाभ ले सकते हैं।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी प्रदीप कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### चिरायु योजना सरकार की महत्वाकांक्षी पहल

एडीसी ने कहा कि आयुष्मान भारत एवं चिरायु कार्ड योजना सरकार की महत्वाकांक्षी पहल हैं। इनका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचेए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को मिशन मोड में कार्य करना होगा और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ानी होगी। बैठक में डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. पाले राम, डा. रवि राणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।